## एक नजर में

### लंबित सब्सिडी भुगतान के लिए क्लेम प्रेषित कराएं

**शाजापुर, 6 नवंबर.** एमएसएमई विभाग द्वारा पूर्व में जारी परिपत्र अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जाती थी. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक नवीन शुक्ला ने बताया कि इन योजनाओं का संचालन वर्ष 2019-20 उपरांत शासन द्वारा बंद कर दिया गया था. इन योजनाओं में हितग्राहियों को मार्जिन मनी अनुदान के अतिरिक्त अधिकतम 7 वर्षों तक व्याज अनुदान तथा ऋण गांरटी फीस दिये जाने का प्रावधान था. वित्त विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2019-20 से उपरोक्त योजनाओं में संबंधित सभी विभागों के हितग्राहियों की लंबित सब्सिडी का भुगतान एमएसएमई विभाग द्वारा मुख्यालय स्तर पर नोडल बैंक सेन्ट्रल ऑफ इंडिया शाखा अरेरा हिल्स भोपाल में संधारित पूल खाते के माध्यम से किया जाता है. सब्सिडी क्लेम सेटलमेन्ट के लिए बैंक शाखाएं योजना के पोर्टल के माध्यम से हितग्राही के पक्ष में सब्सिडी नोडल बैंक से सीधे क्लेम करती है. विभाग द्वारा पूल खाते में सब्सिडी के लिए फंड का अग्रिम रूप में भुगतान किया जाता है. शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अर्थात् 31 मार्च को योजना समाप्त हुए 07 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे. अत: यह निर्णय गया है कि उक्त तिथि उपरांत किसी भी लंबित क्लेम को नोडल बैंक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा. उक्त योजनाओं में ऐसे लाभान्वित हितग्राही जिनके उपरोक्त लंबित अनुदान क्लेम लंबित है, अविलंब बैक शाखाओं से संपर्क कर नोडल बैंक को पोर्टल के माध्यम से प्रेषित करवाएं, लंबित देयताओं शतप्रतिशत भुगतान 31 मार्च के पूर्व किया जा सके.

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शाजापुर, 6 नवंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने राजूसिंह पिता अशोक कुश्वाह निवासी ग्राम पिपलोद तहसील शुजालपुर की 19 जून 2024 को कृषक शांतिलाल पिता संतोषीलाल की कृषि भूमि पर मजदूरी कार्य के दौरान मेढ़ पर लगे कटीले तारों में अज्ञात कारण से विद्युत करंट लगने से मृत्यु होने पर उसके निकट्तम वारिसान पत्नी संध्या के लिए मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 में वर्णित प्रावधानों के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता सहायता स्वीकृत की है.

### लोकनृत्य, विज्ञान प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**शाजापुर, 6 नवंबर.** खेल और युवा कल्याण विभाग शाजापुर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर दुपाडा रोड शाजापुर में किया गया. जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग के युवक, युवतियों का 07 विधा जिसमें पेटिंग, कविता,लेखन, कहानी, लोकनृत्य, लोकगीत, विज्ञान प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरूण भीमावद, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना, आशीष नागर उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भीमावद ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विश्व का सबसे समृद्ध एवं विकसित देश बनने का संकल्प लिया है. उन्होंने कहा कि विश्वमंच पर भारत पुन: विश्वगुरु बनेगा और हर विधा, हर क्षेत्र में विश्वभर में सिरमौर देश बनेगा. विधायक भीमावद ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा युवाओं को मंच देकर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जा रहा है. युवा अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को इन मंच के माध्यम से साकार कर सकते हैं. विधायक ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा पढ़ाई के क्षेत्र के साथ साथ अन्य क्षेत्रों के लिए भी अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैए इनका लाभ लेकर युवा जन अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं. कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थी विद्यालयों में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करें. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने कहा कि पढ़ाई के माध्यम से बौद्धिक विकास होता है तथा जबकि प्रतियोगिता में सहभागिता करने से व्यक्तित्व का विकास होता है. साथ ही प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने से व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं जीवन में आगे बढ़ने की सीख भी मिलती है. उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि कमजोर बच्चों को भी इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रेरित करें, इस दौरान आशीष नागर ने भी संबोधित किया. जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र भोपाल एवं भारत सरकार युवा क्रार्यक्रम और खेल मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप मे मनाया जाएगा.

**225 प्रतिभागियों ने सहभागिता की** : जिलास्तरीय युवा उत्सव में शुजालपुर कालापीपल मोमन बडोदिया से लगभग 225 प्रतिभागियो ने अलग अलग विधा सहभागिता की. जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियो को अतिथियों द्वारा पुरस्कारों वितरण किया गया. साथ ही जिलास्तरीय युवा उत्सव में शामिल निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. उन्होंने बताया कि कविता लेखन, कहानी, लेखन, पेटिंग मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी दिनांक 14 नवंबर को माधव साइंस कॉलेज देवास रोड उज्जैन एवं विज्ञान मेल भाषण, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य का संभागस्तरीय जिलायुवा उत्सव 15 नवंबर को शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय देवास गेट उज्जैन मे किया जाएगा. लोकनृत्य एवं लोकगीत मे प्रथम स्थान प्राप्त टीम ही संभागस्तरीय प्रतियोगिता मे शामिल होगी. शेष विधाओ में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी शामिल होंगे. अधिक जानकारी के लिए जितेन्द्र शर्मा मोबाईल 9713132417 संपर्क कर सकते हैं.

### विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची मैपिंग कार्य जारी

**शाजापुर, 6 नवंबर.** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत शाजापुर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 167 शाजापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 309, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 168 शुजालपुर के 263 एंव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 169 कालापीपल के 265 कुल 837 मतदान केन्द्रो पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्ष 2025 की सूची में दर्ज मतदाताओं के मैपिंग का कार्य किया जा रहा है. वेंडर से प्राप्त फार्म जिला स्तर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय को प्रदान कर दिए गए हैं. इसके साथ ही इस संबंध में जारी कार्यक्रम अनुसार 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया है. बीएलओ के साथ मतदान केन्द्र पर ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं राजनैतिक दल से नियुक्त बीएलए को भी उक्त कार्य में लगाया गया है. रोजगार सहायक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उक्त कार्य के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विधानसभा स्तर से प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है. आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाईट पर वर्ष 2003 की सभी जिलों की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है. मतदाता स्वंय अपना नाम एवं परिवार का नाम वर्ष 2003 की सूची में देख सकता है. विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का प्रकाशन 9 दिसंबर को आयोग के निर्देशानुसार किया जाना नियत है.

### दीपावली मिलन समारोह 19 को



**शुजालपुर, 6 नवंबर.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह 19 नवंबर को सार्वजनिक धर्मशाला अकोदिया मंडी में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन मंत्री डॉ.सुशील कुमार गेहलोत ने बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों का सम्मान किया जाएगा. अकोदिया में हुई बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि नवंबर में सेवानिवृत्त होने वाले तथा माह नवंबर को जन्मदिवस वाले सदस्यों का भी सम्मान किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा रहेंगे तथा विशेष अतिथि भी आमंत्रित किए जाएगें. बैठक में मार्गदर्शक बंशीधर पांडे, जिलाध्यक्ष केदारसिंह राजपूत, नारायण सिंह परमार, गजराज सिंह जायसवाल, गोपाल व्यास, रमेशचन्द्र राजपूत, विष्णु सोनी, दयाराम मालवीय, कमल सिंह परमार, राधेश्याम पटेल, डॉ. सुशील कुमार गेहलोत आदि मौजूद थे.

# जयंत सिकरवार बने युवक कांग्रेस अध्यक्ष

## मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतने वाले टॉप 5 प्रत्याशियों में हुए शामिल

**शाजापुर, 6 नवंबर. कांग्रेस की युवा विंग युवक कांग्रेस के चुनाव के आज परिणाम घोषित हुए, जिसमें शाजापुर जिले में दूसरी बार जयंत सिंह सिकरवार को जीत मिली. इसके पहले भी युवक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में जयंत सिंह सिकरवार थे. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी चिराग परमार को लगभग 5 हजार वोटों से चुनाव हराया. संठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया लगभग दो महीने से चल रही थी, जिसका परिणाम आज आया. पूरे मप्र में टॉप 5 प्रत्याशियों में जयंत सिंह सिकरवार का नाम है, जो लगभग 5 हजार वोटों से चुनाव जीते हैं. उनके साथ अन्य प्रत्याशी भी युवक कांग्रेस का चुनाव जीतने में सफल रहे हैं.**




गौरतलब है कि युवक कांग्रेस के चुनाव में मेम्बर बनाकर चुना जाता है. उसके बाद जिसके सबसे ज्यादा मेम्बर होते हैं, वो विजयी घोषित किया जाता है. युवक कांग्रेस के चुनाव में जयंत सिंह सिकरवार के सामने चिराग परमार चुनाव लड़ रहे थे. कुल 26 हजार की वोटिंग हुई थी, जिसमें करीब 13 हजार वोट वेलिड पाए गए. इसमें 4 हजार से अधिक वोट चिराग परमार को मिले और लगभग 9 हजार वोट जयंत सिकरवार को. इस प्रकार 5 हजार वोट से शाजापुर जिले के नए युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयंत सिंह सिकरवार चुने गए. तो शाजापुर विधानसभा अध्यक्ष के रूप में इरशाद नागौरी चुनाव जीते. प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव पद पर सलमान शेख चुने गए.

### अधिकांश पदों पर अल्पसंख्यक...

कांग्रेस में संगठन के पदों की बात करें, तो ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस में अल्पसंख्यक नेता हैं. तो नगर पालिका में प्रतिपक्ष की कमान भी अल्पसंख्यक नेता के पास है. अब युवक कांग्रेस के पदों पर भी अल्पसंख्यक नेताओं का कब्जा हो गया है. हालांकि शीर्ष पदों पर बहुसंख्यक हैं, लेकिन अधिकांश अन्य पदों पर अल्पसंख्यक नेता काबिज हैं.

### प्रथम प्रयास में हर्षवर्धन ने पाई सफलता

**शुजालपुर, 6 नवंबर.** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने पिछले दिनों सितम्बर सेशन में आयोजित हुई सीए फाइनल परीक्षा के परिणाम घोषित किए. इसमें शुजालपुर के हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने प्रथम प्रयास में ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया. गांधी कालोनी शुजालपुर मंडी निवासी शिक्षक सुरेन्द्र श्रीवास्तव व सविता श्रीवास्तव के पुत्र हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने 23 वर्ष की उम्र में सीए बनने का गौरव प्राप्त किया. हर्षवर्धन की सफलता पर कायस्थ समाज शुजालपुर एवं कन्या हायर सेकेण्ड्री विद्यालय शुजालपुर मंडी के स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

**सक्सेना की स्मृति में होगा शिविर शुजालपुर,** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी द्वारा शासकीय अस्पताल के सामने स्वर्गीय राजेश सक्सेना की स्मृति में केंद्र पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 8 नवम्बर शनिवार को प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा. इस शिविर में आने वाले मरीजों के नेत्र परीक्षण के साथ शुगर, बीपी भी निशुल्क की जाएगी. अभिभाषक शैलेन्द्र सक्सेना, नीरज सक्सेना, गौरव सक्सेना, केन्द्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, शशांक जैन, रमेश परमार, गंगाधर शर्मा, राजेन्द्र कात्यानी आदि ने शिविर का लाभ लेने की अपील की.

# असली नेता, चुनावी नेता और रंग बदलने वाले नेता...

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

जैसे त्यौहार आते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है, वैसे ही राजनीति के क्षेत्र में भी अलग-अलग नेता नजर आते हैं. राजनीति में नेताओं की तीन वैरायटी है. असली नेता, चुनावी नेता और रंग बदलने वाले नेता. असली नेता हर समय पार्टी के साथ रहता है. परिस्थिति कुछ भी हो, पार्टी नहीं छोड़ता है. चुनावी नेता केवल चुनाव के समय नजर आते हैं. चुनाव खत्म, चुनावी नेता नदारद. रंग बदलने वाले नेता का दूसरा नाम है फूफा नेता. जो जरा-जरा सी बात पर नाराज होते हैं. कब किस तरफ हो जाएं, किधर चले जाएं, उन्हें ही नहीं पता होता है. यही कारण है कि राजनीति में चुनावी नेता और रंग बदलने वाले नेताओं को उतना सम्मान नहीं मिलता है, जितना असली नेताओं को मिलता है. चुनावी नेता त्यौहार के समान रहता है. जब चुनावी माहौल आता है, तो धूल खा रहे कुर्ते पजामे पर कलफ लगाकर सोशल मीडिया पर नजर आता है. जबकि असली नेता अपनी पार्टी के लिए हमेशा मेहनत करता है और पार्टी की मजबूती में लगा रहता है. चुनावी नेता और रंग बदलने वाले नेता एक राष्ट्रीय महामारी बन चुके हैं. जिनकी राजनीति चुनाव, पद और वीआईपी के आगमन पर ही नजर आती है. चुनावी नेता तब तक सक्रिय रहते हैं, जब तक उन्हें पद की आस रहती है. चुनावी नेताओं की एक खासियत रहती है कि वे रायता ढोलने के विशेषज्ञ माने जाते हैं. यही कारण है कि चुनाव में उनकी अच्छी पूछपरख होती है. रायता ढोलने में जो जितना माहिर होता है, उसे चुनाव में उतना ही तवज्जौ दी जाती है. अगर इनका नेता चुनाव जीत जाए, तो ये पांच साल तक बेताल बनकर उनकी पीठ पर लदे रहते हैं और यदि नेता चुनाव हार जाए, तो ये दूसरे का दामन थामने में जरा भी देर नहीं करते. यूं तो राजनीति में विक्रम और बेताल दो ऐसे चरित्र हैं, जो नजर आते हैं, लेकिन बेताल समयानुसार अपने विक्रम की पीठ बदलते रहते हैं.

**जिला हो गया, युवा हो गया, ब्लॉक कब...?**

कांग्रेस को जिलाध्यक्ष मिल गया. युवक कांग्रेस का भी अध्यक्ष मिल गया. लेकिन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है. अब देखना यह है कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का पद किसके भाग्य में आता है. जिले में किस गुट को कितने ब्लॉक अध्यक्ष मिलते हैं. वैसे चर्चा में ब्लॉक अध्यक्ष का पद शाजापुर और शुजालपुर का है. अब देखना है कि किस ब्लॉक पर कौन से कबीले के सरदार का अध्यक्ष काबिज होगा.

**एसआईआर से तीरकमान हो जाएगी नेताओं की कमर...**

नाम घटाने और बढ़ाने के लिए एसआईआर लागू हो गया है. अब अपनी-अपनी पार्टी के नेताओं के कांधों पर बोझ है कि वे नाम बढ़वाएं और घटवाएं. भाजपा और कांग्रेस के नेता इन दिनों एसआईआर में लगे हुए हैं. अब देखना यह है कि एसआईआर से कितने नाम कटते हैं और किसे फायदा होता है, तो किसे नुकसान. नाम जुड़ना किसके लिए शुभ होगा, तो किसके लिए अशुभ.

**अंत में...**

अगर प्यासे हो, तो अपने बादल साथ रखना, तुम्हें कोई विरासत में कुएं नहीं देगा.

# नारी समाज की दशा और दिशा दोनों बदल सकती है

**शुजालपुर, 6 नवंबर. नारी समाज की आधारशीला है एवं नारी द्वारा समाज की दशा एवं दिशा दोनों बदलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नारी द्वारा संभव है, परिवार में संस्कारक्षम वातावरण, राष्ट्र चिंतन, समाज कल्याण के कार्य करने का सभी परिवारजनों का स्वभाव होना चाहिए. उक्त उद्गार सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में जिला कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति आगर भार्गवी जोशी ने व्यक्त किए.**

आपने कार्यक्रम में नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी का व्यवहार व संवेदनशीलता की प्रेरणा, बड़े लोगों के व्यवहार और आचरण से बच्चो को संस्कार कैसे मिले इस पर विस्तृत प्रकाश डाला. कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिला धर्म जागरण संघ सदस्य अर्चना शर्मा, अध्यक्षता बीना गुरेनिया ने की. अतिथि परिचय रिंकी यादव, स्वागत पूर्व आचार्या लता राठौड़ और सुनीता लववंशी, प्रज्ञा पाटीदार ने किया. कार्यक्रम की भूमिका सप्त शक्ति संगम संगोष्ठी संयोजिका संध्या यादव ने रखीं. छात्रा योगिता सोलंकी ने लाठी एवं तलवारबाज़ी कर साहसिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. उन्नति वाजार के मार्गदर्शन में छात्राओं ने लोकमाता अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य की प्रस्तुति दी. विशेष अतिथि अर्चना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला. अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरेनिया ने परिवार में महिलाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन किया. अभिभावक सुषमा देशमुख द्वारा रानी लक्ष्मीबाई स्वरूप का प्रदर्शन किया गया. इसके पश्चात् विशिष्ट मातृ सम्मान में पारंपरिक वेशभूषा में बबीता उमठ, संयुक्त परिवार में शशि देवी नेमा एवं वीर प्रसुता के लिए गोकुल बाई सेन, सरिता सेन तथा समाजसेवा के क्षेत्र में मधु मंडलोई को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में 250 से अधिक मातृ शक्ति, 28 पूर्व छात्राएं, 02 पूर्व आचार्या तथा 20 बच्चे सम्मिलित हुए. बबीता सोनी व किरण वर्मा ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए.

# वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के लिए किए गए कार्यों की हुई सराहना



**शाजापुर, 6 नवंबर. गुरूवार को राविसिकृविवि ग्वालियर के प्रमंडल सदस्य श्रवण धाकड़ द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र गिरवर का भ्रमण किया गया.**

इस दौरान सवाई सिंह सिसोदिया, जिलाध्यक्ष किसान संघ शाजापुर केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया, डॉ. एसएस धाकड़, वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. डीके तिवारी, रत्नेष विश्वकर्मा , हितेन्द्र इन्दौरिया एवं गंगाराम राठौर के साथ एवं रावे के छात्र उपस्थित रहे. इस दौरान उनके द्वारा केन्द्र की प्राकृतिक खेती ईकाई, पोषण वाटिका ईकाई, प्रक्षेत्र, बीज उत्पादन ईकाई, गो शाला, औषधिय वाटिका एवं अन्य ईकाइयों का भ्रमण किया गया एवं केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गई. इसके बाद प्रगतिशील कृषक धर्मेन्द्र धाकड़, सुनेरा के प्रक्षेत्र पर संरक्षित खेती पर किए गए कार्यों का भ्रमण किया.

### राहुल परमार जिला प्रशिक्षक नियुक्त

**शुजालपुर, 6 नवंबर.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने वरिष्ठों की सहमति से क्षेत्र के युवा कार्यकर्ता एवं पटलावदा सरपंच राहुल अशोक परमार को जिला स्तर पर एसआईआर एवं राजनीतिक प्रशिक्षण के लिए भोपाल जिला प्रभारी नियुक्त किया. इस नियुक्ति परमार राहुल परमार ने कहा कि वरिष्ठों द्वारा दिए गए इस दायित्व के लिए वे आभारी है और पूर्ण निष्ठा अनुशासन और समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वाहन करूगा. राहुल परमार की नियुक्ति पर पूर्व सांसद सज्जनसिंह वर्मा, महेन्द्र जोशी, रामवीरसिंह सिकरवार, जयंत सिकरवार, रचना जैन, केदार मेवाडा सहित अन्य कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

# अनुज्ञा ने जापान में जीता कांस्य पदक

## बेहतर प्रदर्शन के आधार पर हुआ चयन, जापान में किया देश व प्रदेश का नाम रोशन

**शाजापुर, 6 नवंबर. नगर की अनुज्ञा शर्मा ने हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश व देश को गौरवान्वित किया है. जिन्होंने जापान के टोक्यो में आयोजित एशियाई कप चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया है.**




अनुज्ञा शर्मा ने अपनी कैटेगरी - 220 में खेलते हुए एशियाई चैंपियनशिप जापान टोक्यो में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया. अनुज्ञा के पिता व कोच राजीव लोचन शर्मा ने बताया कि अनुज्ञा शर्मा ने 2 और 3 अगस्त को एथलेटिका जिम सूरत गुजरात में हुए ट्रायल में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था. जिसके आधार पर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुआ. जिसमें देश भर के अलग अलग राज्य के खिलाड़ियों ने पार्टिसिपेट किया था. अनुज्ञा शर्मा ने अपनी फाइट जीत कर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया और जापान के टोक्यो शहर में 2 से 5 नवंबर तक जापान के टोक्यो शहर में हुई इस प्रतियोगिता में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान में तिरंगा फहराया. अनुज्ञा की इस सफलता पर दादाजी मनोहरलाल शर्मा, माता शीलू शर्मा, पिता राजीव लोचन शर्मा व नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनुज्ञा के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

**एक नजर में** — **बैठक में शामिल विधायक ने कहा 20 लाख की लागत से बनेगा टीन शेड**

# यातायात दुरुस्त करने के लिए होगा रिंग रोड का निर्माण

**मोहन बड़ोदिया, 6 नवंबर. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही को समझने के निमित्त भाजपा मंडल मोहन बड़ोदिया की कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को मांगलिक भवन मोहन बड़ोदिया में किया गया, जिसमें भाजपा मंडल के पदाधिकारी सभी बूथ अध्यक्ष, बीएलए, भाजपा के जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, मोहन बड़ोदिया मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, दुपाड़ा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए.**



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही को समझने के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक अभियान चल रहा है, जिसको लेकर बीएलए 2 भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर जानकारी दी गई. वहीं विधायक भीमावद ने कहा कि मोहन बड़ोदिया में 20 लाख की लागत से टीन शेड का निर्माण किया जाएगा. जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति आ चुकी है, जिसमें एक साथ एक छत के नीचे 1500 से 2000 लोग भोजन कर सकते हैं, मोहन बड़ोदिया में यातायात की समस्या से निजात दिलाने जल्द ही बायपास रिंग रोड़ का निर्माण किया जाएगा.

### 8 हजार करोड़ के निवेश का सीएम करेंगे भूमिपूजन

विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि 14 नवंबर को मक्सी में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आ रहे हैं, जो मक्सी में 8 हजार करोड़ के निवेश के उद्योग का भूमिपूजन करेंगे. 21 नवंबर को मोहन बड़ोदिया के बस स्टैंड का भव्य लोकार्पण और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा.

### 100 बोरी बंधान बनाकर 76 स्टॉप डेमो के गेट लगाए

**शाजापुर, 6 नवंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वर्षा के जल संचय के लिए 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार तक जिले में 100 बोरी बंधान बनवाकर, 76 स्टॉप डेमो के गेट, कड़ी शटर लगाने का कार्य संपन्न हुआ है. कालापीपल जनपद पंचायत में 39 बोरी बंधान बनवाकरए 23 स्टापडेमो के गेट कड़ी शटर लगाए गए.इसी तरह मो.बड़ोदिया जनपद पंचायत में 18 बोरी बंधान बनवाकर, 17 स्टापडेमो के गेट कड़ी शटर लगाए गए. शाजापुर जनपद पंचायत में 24 बोरी बंधान बनवाकर, 16 स्टापडेमो के गेट कड़ी शटर लगाए गए तथा शुजालपुर जनपद पंचायत में 19 बोरी बंधान बनवाकर, 20 स्टापडेमो के गेट कड़ी शटर लगाए गए हैं.